अमर उजाला

Date: 19.09.2024

# पोस्टर आधुनिक जीवन का हिस्सा : डॉ. रणपाल



जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में राजभाषा हिंदी के सम्मान में 12 से 27 सितंबर तक आयोजित हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने कहा कि पोस्टर आधुनिक जीवन का हिस्सा है, इसलिए किसी भी संदेश को पोस्टर के माध्यम से अच्छी तरह से संप्रेषित किया जा सकता है। विषय विशेषज्ञ के रूप में फाइन आर्ट विभाग से आए डॉ. गुरिंदर एवं डॉ. अनुराधा ने बताया कि प्रतिभागी को सबसे पहले विषय की समझ होनी चाहिए और उसके अनुरूप ही मस्तिष्क में पोस्टर की संकल्पना उभरती है। फिर अपनी कल्पना शक्ति द्वारा ब्रश और रंगों का साथ पाकर ही अभिव्यक्ति बनती है। इस प्रकार एक पोस्टर या पेंटिंग सशक्त कलाकृति बनती चली जाती है। इस दौरान अलग-अलग विद्यार्थियों ने हिंदी के गौरव को बढ़ाते हुए पोस्टर निर्माण किया। संवाद

अमर उजाला

Date: 19.09.2024

# विद्यार्थियों ने सीपीआर के बारे में जानकारी ली



जींद। कुरुक्षेत्र में आयोजित छह दिवसीय राज्यस्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर से लौटे वॉलंटियर्स को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने बुधवार को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में काउंसलर डॉ. रोहित राठी के नेतृत्व में सीआरएसयू और राजकीय महाविद्यालय से छात्र अभिषेक, शुभम सिंह, प्रथम, आकाश चहल और रजत शामिल हुए। शिविर के दौरान वालंटियर्स ने फर्स्ट एड के बारे में जानकारी हासिल की। शिविर में सीपीआर के बारे में बताया गया और रक्तदान के बारे में जागरूक किया। संवाद

अमर उजाला

Date: 19.09.2024

# प्रभावी संचार विषय पर विशेष व्याख्यान

जींद। सीआरएसयू के होटल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग द्वारा होटल में फ्रंट ऑफिस पर ग्रूमिंग और प्रभावी संचार विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता होटल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग केंद्रीय विवि महेंद्रगढ़ के सहायक प्रोफेसर डॉ. विवेक बाल्यान ने शिरकत की। डॉ. बाल्यान ने बताया कि फ्रंट ऑफिस पर खड़े होटल कर्मी में सौंदर्य की झलक भी दिखनी चाहिए।

फ्रंट ऑफिस पर होटल कर्मी द्वारा प्रभावी संचार की बहुत जरूरत होती है। उन्होंने फ्रंट ऑफिस पर आने वाली कुछ चुनौतियों के बारे में भी छात्रों के साथ चर्चा की। डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने भी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। संवाद

दैनिक जागरण

Date: 19.09.2024

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी : डा. रामबीर



सीआरएसयू में मतदान के लिए विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए ● सौ. विश्वविद्यालय

जागरण संवाददाता ● जींद : विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें विधि संकाय के विद्यार्थियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

डा. रामबीर बडाला ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी है। आगामी विधानसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को पांच अक्टूबर को विधानसभा चुनाव में मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने भारत में आम चुनाव तथा चुनाव के महत्व की भी संक्षिप्त चर्चा की। विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक मतदाता शपथ ग्रहण की। इस कार्यक्रम के समय प्राध्यापक डा. संदीप, डा. पारुल, डा. अमनदीप, डा. संजू, डा. चंचल, डा. निधि, डा. प्रीति उपस्थित रही।

दैनिक जागरण

Date: 19.09.2024

# संप्रेषण का सशक्त साधन है पोस्टर : डा. रणपाल सिंह

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी के सम्मान में हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ताकि हिंदी के महत्व को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने कहा कि पोस्टर आधुनिक जीवन का हिस्सा है, इसलिए किसी भी संदेश को पोस्टर के माध्यम से अच्छी तरह से संप्रेषित किया जा सकता है। पोस्टर निर्माण हमेशा संप्रेषण के लिए एक उपयोगी एवं सशक्त माध्यम रहा है। इस कला को सीखकर एक पेशेवर स्वावलंबी बना जा सकता है। विषय विशेषज्ञ के रूप में फाइन आर्ट विभाग से आए डा. गुरिन्दर, डा. अनुराधा ने बताया कि प्रतिभागी को सबसे पहले विषय की समझ होनी चाहिए और उसके अनुरूप ही मस्तिष्क में पोस्टर की संकल्पना उभरती है।

दैनिक जागरण

Date: 19.09.2024

# राज्यस्तरीय यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर में सीआरएसयू के पांच वालिंटियर ने लिया भाग

जागरण संवाददाता ● जींद : कुरुक्षेत्र की गीता ज्ञान संस्थान में छह दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें 18 जिलों से आए 209 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें जींद जिले से चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के काउंसलर डा. रोहित राठी के नेतृत्व में सीआरएसयू व राजकीय महाविद्यालय जींद पांच वालिंटियर अभिषेक, शुभम सिंह, प्रथम, आकाश चहल, रजत ने भाग लिया। कैंप के दौरान वालिंटियर्स ने फर्स्ट एड के बारे में जानकारी हासिल की। शिविर में सीपीआर सीखी व रक्तदान के बारे में जागरूक किया गया और कुरुक्षेत्र के धार्मिक स्थानों का भ्रमण किया और अंगदान की शपथ ली और साइबर क्राइम से बचने की विधियां के बारे में जानकारी ली। चौधरी रणबीर सिंह



प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थी कुलपति डा. रणपाल के साथ। ● सौ. सीआरएसयू

विश्वविद्यालय में पहुंचने पर कुलपति डा. रणपाल सिंह द्वारा वालिंटियर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने सभी वालिंटियर्स को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को प्राथमिक सहायता की जानकारी होनी चाहिए और सीपीआर भी आनी चाहिए। रेडक्रास कोर्डिनेटर डा. कुलदीप नारा ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे पांच वालिंटियर्स का इस कैंप के लिए चयन हुआ। प्रत्येक वालिंटियर्स को मेहनत करके इन कैंप में भाग लेना चाहिए। काउंसलर डा. रोहित राठी ने कहा इस कैंप में वालिंटियर्स ने कई तकनीक सीखी और लोगों को मदद करने के लिए जागरूक किया और अंगदान और रक्तदान करने के लिए शपथ ली।

दैनिक जागरण

Date: 19.09.2024

# फ्रंट आफिस पर खड़े होटल कर्मी में झलके सौंदर्य की झलक

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में होटल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग द्वारा होटल में फ्रंट आफिस पर ग्रूमिंग और प्रभावी संचार विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर होटल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के सहायक प्रोफेसर डा. विवेक बालयान ने शिरकत की। डा. बालयान ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए होटल में फ्रंट आफिस पर ग्रूमिंग और प्रभावी संचार के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि फ्रंट आफिस पर खड़े होटल कर्मी में सौंदर्य की झलक भी झलकनी चाहिए। जोकि एक अच्छे व्यक्तित्व का ही हिस्सा है। इसके अलावा उन्होंने बताया फ्रंट आफिस पर होटल कर्मी द्वारा प्रभावी संचार की बहुत जरूरत होती है। इस दौरान विभाग के अध्यक्ष एवं डीन एकेडमिक अफेयर प्रो. डा. संजय कुमार सिन्हा तथा सहायक प्रो. रचना श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया।

पंजाब केसरी

Date: 19.09.2024

# संप्रेषण का सशक्त साधन है पोस्टर : डॉ. रणपाल सिंह



पोस्टर मेकिंग में भाग लेते बच्चे।

जींद, 18 सितम्बर (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के हिंदी विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी के सम्मान में 12 से 27 सितम्बर तक आयोजित हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ताकि हिन्दी के महत्व को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने कहा है कि पोस्टर आधुनिक जीवन का हिस्सा है, इसलिए किसी भी संदेश को पोस्टर के माध्यम से अच्छी तरह से संप्रेषित किया जा सकता है। पोस्टर निर्माण हमेशा संप्रेषण के लिए एक उपयोगी एवं सशक्त माध्यम रहा है।

इस कला को सीखकर एक पेशेवर स्वावलंबी बना जा सकता है। पोस्टर निर्माण के लिए अधिक सामग्री की भी आवश्यकता नहीं है केवल कागज, स्याही, रंग और ब्रश पर्याप्त है। इन्हीं से न जाने कितना कुछ कहा जा सकता है। हर सशक्त अभिव्यक्ति इन्हीं से सम्भव हो सकती है।

विषय विशेषज्ञ के रूप में फाइन आर्ट विभाग से आए डॉ. गुरिन्द्र एवं डॉ. अनुराधा ने बताया कि प्रतिभागी को सबसे पहले विषय की समझ होनी चाहिए और उसके अनुरूप ही मस्तिष्क में पोस्टर की संकल्पना उभरती है। फिर अपनी कल्पना शक्ति द्वारा ब्रश और रंगों का साथ पाकर ही अभिव्यक्ति बनती है।

इस प्रकार एक पोस्टर या पेंटिंग सशक्त कलाकृति बनती चली जाती है। विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने बहुत ही शिद्दत से अपने मन के भावों को रंगों के साथ संयुक्त करते हुए हिंदी के गौरव को बढ़ाते हुए पोस्टर निर्माण किया और सभी उपस्थित शिक्षाविदों ने उनकी अभिव्यक्ति की सराहना की। विजेता विद्यार्थियों को समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

पंजाब केसरी

Date: 19.09.2024

# सी.आर.एस.यू. के होटल एवं टूरिज्म मैनेजमैंट विभाग ने आयोजित किया व्याख्यान

जींद, 18 सितम्बर (ललित) : सी.आर.एस.यू. के होटल एवं टूरिज्म मैनेजमैंट विभाग द्वारा होटल में फ्रंट ऑफिस पर ग्रूमिंग और प्रभावी संचार विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।



*व्याख्यान में भाग लेते हुए छात्र।*

मुख्य वक्ता के तौर पर होटल एवं टूरिज्म मैनेजमैंट विभाग केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के सहायक प्रोफैसर डा. विवेक बाल्यान ने शिरकत की। उन्होंने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए होटल में फ्रंट ऑफिस पर ग्रूमिंग और प्रभावी संचार के बारे में विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने बताया कि फ्रंट ऑफिस पर खड़े होटल कर्मी में सौंदर्य की झलक भी झलकनी चाहिए। जोकि एक अच्छे व्यक्तित्व का ही हिस्सा है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि फ्रंट ऑफिस पर होटल कर्मी द्वारा प्रभावी संचार की बहुत जरूरत होती है क्योंकि जब बाहरी व्यक्ति होटल में आता है तो सबसे पहले वह फ्रंट ऑफिस पर ही कर्मचारी से बात करता है। इसलिए फ्रंट ऑफिस के कर्मचारियों का संचार कौशल बेहतरीन होना चाहिए ताकि होटल में आए अतिथि भी उनके प्रभावी संचार से प्रभावित हो सकें।

साथ ही डा. बाल्यान ने फ्रंट ऑफिस पर आने वाली कुछ चुनौतियों के बारे में भी विद्यार्थियों के साथ चर्चा की। इस अवसर पर विभाग के अध्यक्ष एवं डीन एकैडमिक अफेयर प्रो. डा. संजय कुमार सिन्हा ने भी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सहायक प्रो. रचना श्रीवास्तव ने बताया कि इस तरह के व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए रोजगार पाने में मददगार साबित होंगे।

पंजाब केसरी

Date: 19.09.2024

# वालंटियर्स ने सीखी सी.पी.आर.

जींद, 18 सितम्बर (ललित) : धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर गीता ज्ञान संस्थान में 6 दिवसीय राज्यस्तरीय यूथ रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 18 जिलों से आए 209 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिले से चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के काऊंसलर डॉ. रोहित राठी के नेतृत्व में सी.आर.एस.यू. व राजकीय कालेज जींद के 5 वालंटियर अभिषेक, शुभम सिंह, प्रथम, आकाश चहल, रजत ने भाग लिया।

कैंप दौरान वालंटियर्स ने फर्स्ट एड के बारे में जानकारी हासिल की। इसमें सी.पी.आर. सीखी व रक्तदान के बारे में जागरूक किया गया, कुरुक्षेत्र के धार्मिक स्थानों का भ्रमण किया और अंगदान की शपथ ली और साइबर क्राइम से बचने की विधियों के बारे में जानकारी ली।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में पहुंचने पर कुलपति डॉ. रणपाल सिंह द्वारा वालंटियर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और डॉ. रणपाल सिंह ने सभी वालंटियर्स को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि प्रत्येक विधार्थी को प्राथमिक सहायता की जानकारी होनी चाहिए और सी.पी.आर. भी आनी चाहिए।

रैडक्रॉस को-आर्डीनेटर डॉ. कुलदीप नारा ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे 5 वालंटियर्स का इस कैंप के लिए चयन हुआ।

पंजाब केसरी

Date: 19.09.2024

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी : डॉ. रामबीर



कार्यक्रम में शपथ लेते हुए।

जींद, 18 सितम्बर (ललित) : लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी है। आगामी विधानसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने तथा मतदाताओं विधि संकाय विभाग के विद्यार्थियों को मत डालने के लिए जागरूक और प्रेरित करने का आह्वान बुधवार को चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी में किया गया।

इस कड़ी में विधि संकाय विभाग में विद्यार्थियों को मतदान के लिए डॉ. रामबीर बडाला ने शपथ दिलवाई। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को 5 अक्तूबर को निर्धारित हरियाणा विधानसभा चुनाव में मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने भारत में आम चुनाव तथा चुनाव के महत्व की भी संक्षिप्त चर्चा की।

विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मतदाता शपथ ग्रहण की। इस कार्यक्रम के समय प्राध्यापक डॉ. संदीप, डॉ. पारुल, डॉ. अमनदीप, डॉ. संजू, डॉ. चंचल, डॉ. निधि, डॉ. प्रीति मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 19.09.2024

# संप्रेषण का सशक्त साधन है पोस्टर : डॉ. रणपाल सिंह



जींद. पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए।

भास्कर न्यूज | जींद

सीआरएसयू के हिंदी विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी के सम्मान में हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने कहा है कि पोस्टर आधुनिक जीवन का हिस्सा है, इसलिए किसी भी संदेश को पोस्टर के माध्यम से अच्छी तरह से संप्रेषित किया जा सकता है। पोस्टर निर्माण हमेशा संप्रेषण के लिए एक उपयोगी एवं सशक्त माध्यम रहा है। इस कला को सीखकर एक पेशेवर स्वावलंबी बना जा सकता है।

डॉ. गुरिन्दर एवं डॉ. अनुराधा ने बताया कि प्रतिभागी को सबसे पहले विषय की समझ होनी चाहिए और उसके अनुरूप ही मस्तिष्क में पोस्टर की संकल्पना उभरती है। फिर अपनी कल्पना शक्ति द्वारा ब्रश और रंगों का साथ पाकर ही अभिव्यक्ति बनती है। इस प्रकार एक पोस्टर या पेंटिंग सशक्त कलाकृति बनती चली जाती है। विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण किया। विजेता विद्यार्थियों को समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 19.09.2024

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी: बडाला

जींद| लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी है। आगामी विधानसभा चुनाव में विद्यार्थियों को मत डालने के लिए जागरूक और प्रेरित करने का आह्वान मंगलवार को सीआरएसयू में किया गया। विद्यार्थियों को मतदान के लिए डॉ. रामबीर बडाला ने शपथ दिलवाई। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को 5 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव में मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में डॉ. संदीप, डॉ. पारुल, डॉ. अमनदीप, डॉ. संजू, डॉ. चंचल, डॉ. निधि, डॉ. प्रीति आदि उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 19.09.2024

# विद्यार्थियों को होटल में फ्रंट ऑफिस पर ग्रुमिंग और प्रभावी संचार की जानकारी दी

जींद| सीआरएसयू के होटल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग द्वारा 'होटल में फ्रंट ऑफिस पर ग्रुमिंग और प्रभावी संचार' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. विवेक बाल्यान, सहायक प्रोफेसर, होटल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ ने शिरकत की। डॉ. बाल्यान ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए होटल में फ्रंट ऑफिस पर ग्रुमिंग और प्रभावी संचार के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि फ्रंट ऑफिस पर खड़े होटल कर्मी में सौंदर्य की झलक भी झलकनी चाहिए। उन्होंने बताया कि फ्रंट ऑफिस पर होटल कर्मी द्वारा प्रभावी संचार की बहुत जरूरत होती है, क्योंकि जब बाहरी व्यक्ति होटल में आता है तो सबसे पहले वह फ्रंट ऑफिस पर ही कर्मचारी से बात करता है। इसलिए फ्रंट ऑफिस के कर्मचारियों का संचार कौशल बेहतरीन होना चाहिए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजय सिन्हा, सहायक प्रोफेसर रचना व पंकज आदि मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 19.09.2024

# पांच छात्रों ने यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में फर्स्ट एड की जानकारी ली



जींद| धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की गीता ज्ञान संस्थान में 6 दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 18 जिलों से आए 209 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें जींद जिले से सीआरएसयू व राजकीय महाविद्यालय जींद के 5 वॉलंटियर अभिषेक, शुभम सिंह, प्रथम, आकाश चहल, रजत ने भाग लिया। इस कैंप के दौरान वॉलंटियर्स ने फर्स्ट एड के बारे में जानकारी हासिल की। इस शिविर में सीपीआर सीखी व रक्तदान के बारे में जागरूक किया गया और कुरुक्षेत्र के धार्मिक स्थानों का भ्रमण किया और अंगदान की शपथ ली और साइबर क्राइम से बचने की विधियां के बारे में जानकारी ली। सीआरएसयू के कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने वॉलंटियर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को प्राथमिक सहायता की जानकारी होनी चाहिए।

हरिभूमि

Date: 19.09.2024

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी : डा. रामबीर

**जींद।** लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी है। आगामी विधानसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने तथा मतदाताओं विधि संकाय विभाग के विद्यार्थियों को मत डालने के लिए जागरूक और प्रेरित करने का आह्वान बुधवार को चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी में किया गया। इस कड़ी में विधि संकाय विभाग में विद्यार्थियों को मतदान के लिए डा. रामबीर बडाला ने शपथ दिलवाई। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को पांच अक्टूबर को निर्धारित हरियाणा विधानसभा चुनाव में मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने को कहा। आम चुनाव तथा चुनाव के महत्व की भी संक्षिप्त चर्चा की।

हरिभूमि

Date: 19.09.2024



व्याख्यान में भाग लेते हुए छात्र।

# फ्रंट ऑफिस पर खड़े कर्मी में सौंदर्य झलकनी चाहिए : डॉ. विवेक

जींद। सीआरएसयू के होटल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग द्वारा होटल में फ्रंट ऑफिस पर ग्रूमिंग और प्रभावी संचार विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर होटल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के सहायक प्रोफेसर डा. विवेक बाल्यान ने शिरकत की। डा. बाल्यान ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए होटल में फ्रंट ऑफिस पर ग्रूमिंग और प्रभावी संचार के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि फ्रंट ऑफिस पर खड़े होटल कर्मी में सौंदर्य की झलक भी झलकनी चाहिए। जोकि एक अच्छे व्यक्तित्व का ही हिस्सा है। इसके अलावा उन्होंने बताया फ्रंट ऑफिस पर होटल कर्मी द्वारा प्रभावी संचार की बहुत जरूरत होती है। क्योंकि जब बाहरी व्यक्ति होटल में आता है तो सबसे पहले वह फ्रंट ऑफिस पर ही कर्मचारी से बात करता है। फ्रंट ऑफिस के कर्मचारियों का संचार कौशल बेहतरीन होना चाहिए।

हरिभूमि

Date: 19.09.2024

# संप्रेषण का सशक्त साधन पोस्टर : डा. रणपाल सिंह

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि के हिंदी विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी के सम्मान में 12 सितंबर से 27 सितंबर तक आयोजित हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ताकि हिंदी के महत्व को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

हरिभूमि

Date: 19.09.2024

# वालेंटियर ने सीखी सीपीआर

जींद। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर गीता ज्ञान संस्थान में छह दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 18 जिलों से आए 209 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जींद जिले से चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के काउंसलर डा. रोहित राठी के नेतृत्व में सीआरएसयू व राजकीय कालेज जींद के पांच वालेंटियर अभिषेक, शुभम सिंह, प्रथम, आकाश चहल, रजत ने भाग लिया।

दैनिक सवेरा टाइम्स

Date: 19.09.2024

# सुन्दर लिखाई व्यक्ति के व्यक्तित्व का आइना है : डॉ. रणपाल सिंह



कार्यक्रम में भाग लेते अतिथिगण।

सवेरा न्यूज/नरेंद्र

जींद, 18 सितम्बर : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द में राजभाषा हिंदी के सम्मान में 12 से 27 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा पर्व मनाया जा रहा है। उद्?घाटन के अगले दिन विभाग में वैचारिक संवाद रहा। 16 सितंबर को हिंदी विभाग द्वारा सुलेख लेखन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें चित्रकार दीपक कौशिक ने देवनागरी लिपि एवं रोमन लिपि के वर्णों को सुन्दर रूप में कैसे लिखें की जानकारी व्यावहारिक रूप में विद्यार्थियों को दी। इसी कड़ी में 17 सितंबर को सुलेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों को सुलेख लेखन के लिए एक गद्यांश दिया गया जिसमें देवनागरी लिपि के सभी वर्ण एवं अंक समाहित थे। विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने बताया कि सुंदर लिखाई से व्यक्ति की प्रतिभा उजागर होती है। इसलिए हर शब्द को सुंदर तरीके से लिखना चाहिए। सुंदर हस्त लेखन व्यक्ति के व्यक्तित्व का आइना होता है। उन्होंने कहा कि सुन्दर लेखन एक कला है। इस कला में महारत हासिल करने के लिए लगातार अभ्यास करने की जरूरत होती है। सुंदर तरीके से लिखे गए शब्द देखने वाले को अपनी तरफ आकर्षित करते हैं। इसलिए विद्यार्थियों को अपने अध्ययन के साथ-साथ लिखाई सुधारने में भी पूरा ध्यान देना चाहिए। सुन्दर लेखन विद्यार्थी के लिए ब्रह्माहस्त्र है। डॉ. मञ्जुलता ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि भाषा के ज्ञान के साथ-साथ लेखिम का भी सुलिखित होना अति आवश्यक है। सुन्दर लिखाई सदैव प्रभावकारी होती है और व्यक्तित्व की रचनात्मक अभिरूचि की परिचायक भी। सुलेख लेखन प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी पखवाड़े के समापन समारोह में पुरस्कृत होंगे।